वर्ष- 21 अंक - 221 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 24 जनवरी 2026

# देर रात तराना में फिर भड़की हिंसा
## कई इलाकों में पथराव, लकड़ी की टाल में लगाई आग

**उज्जैन ● एजेंसी**

उज्जैन जिले के तराना में विहिप के पूर्णकालिक सदस्य सोहिल ठाकुर पर हुए हमले के बाद लगातार माहौल बिगड़ता जा रहा है। शुक्रवार की दोपहर को हुई हिंसा-आगजनी के बाद देर रात को भी कुछ लोगों ने लकड़ी की टाल में आग लगा दी। इस दौरान उपद्रवी नकाब पहनकर आए थे। कई स्थानों पर पथराव भी हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ा। पुलिस ने अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे तराना में बड़ी तादाद में सुरक्षाबल तैनात हैं।

## फायरिंग करने वाले एक्टर कमाल आर खान गिरफ्तार

**मुंबई.एजेंसी।** एक्टर कमाल आर खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुंबई के ओशिवारा अंधेरी स्थित एक रिहायशी इमारत पर चार राउंड फायरिंग करने के आरोप में उन्हें हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि उन्हीं की लाइसेंसी बंदूक से गोली चली थी, लेकिन किसी को वे चोट पहुंचाना नहीं चाहते थे। इसी कबूलनामे के बाद पुलिस ने कमाल खान को गिरफ्तार किया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## भारत से 25% टैरिफ हटाने की तैयारी में ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में भारत पर लगाया गया यह टैरिफ हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत पर लगाया गया यह टैरिफ अमेरिका के लिए काफी सफल रहा है। इस टैरिफ के बाद भारत द्वारा रूस से तेल की खरीदी में भारी गिरावट आई है।

## गोलीबारी में भारतीय सहित चार की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया में पारिवारिक विवाद के चलते हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है।

## शादी समारोह में धमाका
### आतंकी सहित 7 मरे, कई घायल

**खैबरपख्तूनख्वा.एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान टीटीपी के पूर्व आतंकी नूर आलम महसूद के घर शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें कम से कम 7 लोगों की मौत और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। इस धमाके में नूर अलाम महसूद की भी मौत हो गई। साल 2016 में नूर आलम महसूद टीटीपी के जज़्ब-ए-अज्ब ऑपरेशन के विरोध में टीटीपी से अलग हो गया था और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिल गया था।

## राजद से अलग होगी कांग्रेस?

**पटना.एजेंसी।** बिहार के चुनाव में इस बार सिर्फ कांग्रेस के 6 विधायक चुनकर आए। अटकलें लग रही थी कि ये सभी 6 विधायक नीतीश की पार्टी जदयू में शामिल होंगे, लेकिन इन अटकलों पर विराम लगाते हुए कांग्रेस के इन सभी 6 विधायकों ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के साथ बैठक की। इस बैठक में विधायकों ने कहा कि लालू की पार्टी राजद से कांग्रेस को नाता तोड़ लेना चाहिए।

## श्वानों का कत्लेआम
### एक महीने में 900 की हत्या

**हैदराबाद.एजेंसी।** देशभर में एक तरफ श्वानों का कहर जारी है और रोज आवारा श्वान सैकड़ों लोगों को काट रहे हैं। वहीं तेलंगाना में इन श्वानों का कत्लेआम किया जा रहा है। पिछले एक महीने में यहां 900 श्वानों को मौत के घाट उतारा जा चुका है। यहां कभी 500, कभी 100 तो कभी 300 श्वानों की सामूहिक हत्या की गई। कहीं पर इन्हें जहर देकर मारा गया, कहीं जहरीले इंजेक्शन लगाए गए तो कहीं इन्हें गड्ढे में फेंका गया।

## शीतलहर से ठिठुरा इंदौर
### अमेरिका में 1800 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**शनिवार.एजेंसी।** हिमाचल कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी तथा मैदानी इलाके में बारिश और ओलावृष्टि के कारण इंदौर में भी शीतलहर और ठंड के कारण लोग ठिठुर गए। उधर अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में आपातकाल लगाना पड़ा और 1800 से ज्यादा उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## लखनऊ में गायब हुए 55 बांग्लादेशी

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के मिलने की आशंका बनी थी, लेकिन वे अचानक गायब हो गए। यह संदेह और मजबूत हो गया है कि अवैध बांग्लादेशी प्रदेश में रह रहे हैं। लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में पुलिस ने दोबारा छानबीन की। इस दौरान वहां 55 बांग्लादेशी फरार पाए गए जिनका पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



# वार्ड 82 में 'संकल्प से समाधान' शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**





जनसेवा, सुशासन और समाधान यही हमारा संकल्प के तहत वार्ड 82 के अंतर्गत आयोजित संकल्प से समाधान शिविर हवा बंगला रोड पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाई गई एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर महापौर,पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद नितिन शर्मा शानू के मार्गदर्शन में नगर निगम के सम्मानित सदस्यगण, अधिकारी–कर्मचारी, भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता तथा वार्ड की जनता ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी यहां हुआ। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद शानू शर्मा ने 50 हजार की पीएम स्वनिधि योजना के 2 हितग्राहियों एवं घरेलू कामकाजी महिला योजना की 2 महिला हितग्राहियों को प्रतिकात्मक रूप से लाभ वितरण किया।

# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों को जारी हुआ कमेटियां बनाने के लिए पत्र

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांग्रेस अब बूथ स्तर तक अपने योद्धा तैयार करने में लगी हुई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में पहले ही निर्देशित कर दिया था कि सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अपने क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड, बूथ पर वार्ड-बूथ अध्यक्ष, वार्ड-प्रभारी, वार्ड-बूथ महिला प्रभारी के अलावा बूथ पर बीएलए की नियुक्ति शीघ्र करना है। अब इस मामले में शहर कांग्रेस प्रभारी संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को लिखित में निर्देश जारी कर 7 दिन में वार्ड से लेकर बूथ और बीएलए तक के नाम मांगे हैं, जिससे बूथ स्तर पर नियुक्तियां की जा सके और कमेटियों का निर्माण किया जा सके।



# सुभाष प्रतिमा के सामने हुआ सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने अपनी संस्था युवा पैगाम के बैनर तले कल सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर बड़ा गणपति स्थित उनकी प्रतिमा पर रोशनी सहित अन्य सजावट करवाई और वहां तिरंगामय देशभक्ति का माहौल दिखा। फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहां पीयुष वाजपेयी को विशेष रूप से सम्मानित किया। गोपाल भावसार, श्याम अग्रवाल, महेश दुबे का भी सम्मान हुआ। प्रेम खड़ायता, शंकर नैनावा, सुनील गोधा, प्रकाश व्यास सहित अन्य मौजूद थे।

# हनुमानजी के दरबार में पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माँ अंजनी पुत्र हनुमान मंदिर मधुमिलन चौराहे पर श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्था गुलशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फूल बंगला सजा, आतिशबाजी हुई एवं चलित प्रसादी का आयोजन भी हुआ। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावड़ा, विधायक गोलू शुक्ला सहित कई राजनेता भी शामिल हुए। आयोजन से विशाल यादव, रितेश शर्मा जुड़े हुए थे।



# जनहित पार्टी पहुंची पेड़ों को बचाने के लिए मंत्री के पास

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मेट्रो स्टेशन के चलते रानी सराय में वर्तमान में मौजूद पेड़ों को काटा जाना है। इसी मुद्दे पर जनहित पार्टी लगातार धरना देकर इन पेड़ों को बचाने की जुगत में लगी है। कई संस्थाएं भी साथ आई



है। अब जनहित पार्टी के पदाधिकारियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के यहां पहुंचकर मेट्रो स्टेशन कहीं और शिफ्ट करने की मांग करते हुए पेड़ों को बचाने की गुहार करते हुए पेड़ों का पंचनामा भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपा और मेट्रो स्टेशन के निर्णय पर दोबारा विचार करने की बात भी कही, जिससे पेड़ों और परिंदों के घोसलों को बचाया जा सके।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया बिजली कटौती पर ज्ञापन






**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा संभाग आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की इच्छा पर निर्भर किया जाने, बिजली बिलों में बढ़ोतरी और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में और किसानों को 10 घंटे से अधिक बिजली दिए जाने, गलत बिलों को निरस्त किए जाने आदि अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन कमिश्नर कार्यालय अधीक्षक चौहान को प्रस्तुत किया। साथ ही अवैध बेदखली और शासन की घोषणा अनुसार मालिकाना हक दिए जाने और जमीन की लूट के खिलाफ ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। रुद्रपाल यादव, अरुण चौहान, सोहनलाल शिंदे, बीएल नागर, ओमप्रकाश खटके, भारतसिह ठाकुर, सीएल सरावत, छगनलाल चौहान, कैलाश गोटानिया, भागीरथ कछवाह, भादरसिंह कटारे, रमेश झाला, किरण चौहान, ऋषभ वर्मा, मुन्नीदेवी बामनिया, गौरा देवी मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे अस्पताल मरीजों से मिलने



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आम्बेडकर नगरी महू के पत्ती बाजार और चन्द्र मार्ग में दूषित पानी से बीमार होकर कई लोग अस्पताल में दाखिल हुए। इस मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा और क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर भी अस्पताल में पीड़ितों से मुलाकात कर चुके थे। कल जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पीड़ितों से चर्चा की और अस्पताल में अधिकारियों से भी बात की।





# साथी कांग्रेसी का जाना स्वास्थ्य हाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता विजेन्द्र चौहान का स्वास्थ्य का हाल जानने उनके निवास कडाबीन पर चिंटू चौकसे, दीपू यादव, अमन बजाज, धर्मेन्द्र गेंदर, शंकर नैनावा सहित अन्य पहुंचे।

# कन्या पूजन और नशामुक्ति के संकल्प के साथ बसंत पंचमी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री सिद्धिविनायक विद्या मंदिर खजराना में बसंत पंचमी पर नन्हीं बालिकाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद राजेश उदावत, नेहा शर्मा, रामबाबू यादव, बुलबुल वर्मा, रामचरण सोनी, संदीपा पुलकित सहित अन्य मौजूद थे।



# सुभाष प्रतिमा पर माल्यार्पण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती अवसर पर बड़ा गणपति स्थित सुभाष प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रघुवीर सिंह, श्रीवास सुभाष वर्मा,एमपी श्रीवास, कैलाश श्रीवास मौजूद थे।

# शव रखकर भागीरथपुरा में किया चक्काजाम







## प्रशासन और पार्षद के खिलाफ फूटा पीड़ित परिवार का गुस्सा, की जमकर नारेबाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से मौत के मामलों में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आंकडे को लेकर बवाल मचा हुआ है। कल भागीरथपुरा के बद्रीप्रसाद लिटोरिया की इलाज के दौरान मौत हुई थी। इधर स्वास्थ्य विभाग ने इस मौत को केवल दूषित पानी से मौत नहीं मानते हुए अन्य बीमारियों से मौत होने की बात कही। जिसके बाद आज परिजनों ने मृतक का शव रखकर प्रदर्शन किया।

भागीरथपुरा पुल पर आज सुबह मृतक बद्रीप्रसाद के परिजनों ने उनका शव रखकर चक्काजाम किया। परिजनों की मांग है कि बद्रीप्रसाद की मौत को स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारियों से बता रहा है वह गलत है, स्वास्थ्य विभाग को दूषित पानी से ही इस मौत को मानना चाहिए। परिजनों ने बताया कि बद्रीप्रसाद के परिवार में इससे पहले भी एक महिला की मौत दूषित पानी से हुई है, जिसका नाम कंचन बताया जा रहा है। रहवासियों ने बताया कि बद्रीप्रसाद के परिवार में अब बच्चे बचे है, आसपास के रहवासियों ने चंदा कर उनकी मदद की है, ऐसे में प्रशासन और पार्षद ने इस मामले में अब तक कोई सुध नहीं ली है। लोगों ने पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई थी और पुलिया के दोनों ओर का रास्ता भी पुलिस ने बंद कर दिया था।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी पहुंचे

जैसे ही भागीरथपुरा में मौत और शव को रखकर चक्काजाम की सूचना शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को मिली तो वे भी तत्काल भागीरथपुरा पहुंच गए और उन्होंने भी इस मौत पर नाराजगी जाहिर की और जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों को भी कोसा।

# भागीरथपुरा मुद्दे पर कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### मंत्री और महापौर का मांगा जाएगा इस्तीफा, अधिकारियों पर प्रकरण की मांग भी होगी

भागीरथपुरा में हुई दूषित जल से कई निर्दोष लोगों की मृत्यु और कई लोगों के अस्पतालों में उपचार कराने के मामले को कांग्रेस अभी भी इस मुद्दे को बनाए रखना चाहती है। इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि भागीरथपुरा में हुई दूषित जल से घटना के मामले में कांग्रेस 31 जनवरी को बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगी। चौकसे ने बताया कि हम इस मामले में बकायदा स्वीकृति भी लेंगे। राजवाड़ा या रीगल तिराहा पर प्रदर्शन करने का कांग्रेस ने मन बनाया है और जहां की भी स्वीकृति मिलेगी वहां कांग्रेस बड़ा धरना देंगी, इस मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं से भी सम्पर्क किया जा रहा है, सभी ब्लॉक अध्यक्षो को भी निर्देशित किया जाएगा कि वे वार्ड और बूथ स्तर पर कांग्रेसियों से चर्चा कर इस बड़े धरने में शामिल होवे। कांग्रेस के सभी पार्षदों, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों से भी चर्चा होगी और बैठक कर इस धरने को बड़ा रूप दिया जाएगा, जिससे सोई हुई निगम जागे और अन्य जगह पर दूषित पानी देने के बजाए शुद्ध पानी दें। चिंटू चौकसे ने बताया कि कांग्रेस का धरना प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा यही है कि भागीरथपुरा मामले में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पार्षद कमल वाघेला इस्तीफे दें और जो भी दोषी अधिकारी है उनके खिलाफ सीधा हत्या का प्रकरण दर्ज हो। आगे भी शहर के 85 वार्डों के क्षेत्रों में शुद्ध पानी मिले इसकी मांग भी की जाएगी।

# सुभाष प्रतिमा पर नदारद रहने वाले पदाधिकारियों का टाइट करेगी कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### पहले बनाया था शोकाज नोटिस का मन, फिर तय हुआ कि अभी सचेत कर दिया जाए

शहर कांग्रेस ने कल देश के महापुरुष रहे नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर उनकी बड़ा गणपति स्थित प्रतिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया था। कल अच्छी संख्या थी फिर भी कई ब्लॉक अध्यक्ष, प्रवक्ता और अन्य कांग्रेसी नदारद रहे उस पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की नाराजगी भी जाहिर हुई थी और चिंटू चौकसे चाहते थे कि नहीं आने वालों को सूचीबद्ध कर उन्हें शोकाज नोटिस दिया जाए, लेकिन साथियों से चर्चा के बाद यह तय हुआ कि अभी नदारद रहने वाले पदाधिकारियों को फोन कर उन्हें पहले टाइट किया जाए और अगले कार्यक्रम में अगर वे नदारद रहते हैं तो उन्हें शोकाज नोटिस दिया जाए और जरूरत पड़ने पर पद से भी हटा दिया जाए।

**प्रकोष्ठों के अध्यक्ष के लिए तैयार हो रही है सूची-** शहर कांग्रेस अपने संगठन को जहां बूथ स्तर पर मजबूत करना चाह रही है, उसी कड़ी में अब शहर कांग्रेस ने अपने सभी प्रकोष्ठों में नए अध्यक्ष बनाने की कवायद शुरू कर दी है। बकायदा इसकी सूची बनना भी आज से शुरू हो रही है। इन नए कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्षों की घोषणा के बाद उनसे तत्काल अपनी टीम बनाने के निर्देश भी दिए जाएंगे और सभी को चार्ज रहने की हिदायत भी दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि एक सप्ताह में सारी तैयारियां कर ली जाएगी।

# शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर पहुंचे भाजपाई



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 के पार्षद मलखान कटारिया द्वारा कटारिया कंपाउंड में स्थित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर भजन संध्या और भोजन भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्षद मलखान कटारिया एवं परिवार के सदस्य एवं विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, महेश बसवाल, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, दिनेश यादव, नरेश पुरोहित, रोहित पालीवाल, बबलू तंवर, रेमसिंह बघेल, रमेश तोमर, युवराज जाजमें, मुकेश बासोलिया, भगवती उपाध्याय, संतोष गुर्जर, कपिल पांड्या, रोशन चौहान मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग के घोटाले में क्यों बच रहे हैं बड़े अधिकारी -कांग्रेस

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया और कौमी एकता सद्भावना प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सैयद युसूफ अली ने बताया कि शिक्षा विभाग में हुए गबन के मामले में नीचले स्तर के कर्मचारियों को दोषी तो बता दिया गया है और उन पर कार्रवाई भी कर दी गई है, लेकिन इतने बड़े भ्रष्टाचार की गाज नीचले कर्मचारियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों पर भी गिरनी चाहिए थी। छात्रवृत्ति फंड के गबन से जुड़कर जीपीएफ खातों में भी हेराफेरी कर फर्जी भुगतान किए गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विकासखंड कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार में लिप्त रसूखदार अधिकारियों को बचाने के लिए छोटे कर्मचारियों को निशाना बनाकर कार्रवाई की गई है। इतना बड़ा भ्रष्टाचार बिना बड़े अधिकारियों की मिली भगत से छोटे कर्मचारी कैसे कर सकते हैं।

## राधास्वामी सत्संग शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राधा स्वामी सत्संग न्यास द्वारा 2 दिवसीय राधा स्वामी महाराज के सत्संग का आयोजन आज और कल रविवार को किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु खंडवा रोड स्थित आश्रम पर पहुंच चुके हैं। इसके लिए यातायात व्यवस्था भी पुलिस ने की है। कई मार्ग का यातायात डायवर्ड भी किया है। सेवादार अपनी सेवाएं आज दे रहे हैं।



## आज सुबह से चली तेज हवाए, बदली भी आई नजर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मौसम में आज फिर सुबह बदलाव देखा गया, जहां एक तरफ तेज हवाएं चली वहीं दूसरी तरफ भगवान सूर्य को भी बादलों ने आगोश में लिया था। मौसम विभाग के अनुसार कल रात में न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि परसों रात को तापमान 16.02 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से रात के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान भी कल 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। परसों के दिन यह अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से 2.3 डिग्री सेल्सियस की अधिकतम तापमान में भी गिरावट आ गई है। कल शहर में 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। जब की परसों हवा की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा की थी। इस तरह हवा की रफ्तार 9 किलोमीटर प्रति घंटा की बढ़ गई है।

# चंदन नगर में जाकर देखा कैसे बनाएंगे सड़क

## मास्टर प्लान में सड़क को जोड़ने का प्रस्ताव शासन के पास लंबित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**चंदन नगर से एरोड्रम रोड तक बनाई जाने वाली सड़क कैसे बनेगी, यह आज नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा। इस सड़क को मास्टर प्लान की सड़क के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव अभी राज्य सरकार के पास लंबित पड़ा हुआ है।**



शहर में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों का स्थल निरीक्षण किया गया। सिंघल ने सर्वप्रथम तीन इमली चौराहे के समीप निर्मित 3 आर सेंटर का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने तीन इमली चौराहे के पास निर्माणाधीन सर्विस रोड एवं ड्रेनेज लाइन कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण करने एवं कार्य पूर्ण होने के उपरांत रेस्टोरेशन (पुनर्स्थापन) कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात सिंघल द्वारा चंदन नगर चौराहा से कॉलानी नगर होते हुए एयरपोर्ट रोड तक प्रस्तावित सड़क के संबंध में भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त ने सड़क निर्माण से संबंधित लागत, सड़क की कुल लंबाई एवं चौड़ाई, साथ ही सड़क चौड़ीकरण में बाधक निर्माणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी परीक्षण, समुचित योजना एवं समन्वय के साथ कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को भविष्य में बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए शासन के द्वारा इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मामला अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास लंबित है। निगम के द्वारा इस अंतिम मंजूरी का ही इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही यह मंजूरी प्राप्त हो जाएगी वैसे ही नगर निगम इस सड़क के निर्माण की पहल कर देगा।

# 36 बोतल विदेशी शराब जब्त, तीन तस्करी के आरोपी पकड़ाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जीआरपी पुलिस को सूचना के बाद उप पुलिस अधिक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में कल रात रेलवे स्टेशन के समीप प्लेटफार्म पर ब्रिज के पास घेराबंदी कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका और उनसे पूछताछ कर तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में विदेशी मदिरा बरामद की गई। जीआरपी पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में प्रेमजी भाई पिता कानजी भाई 61 साल निवासी पोरबंदर गुजरात, वालाभाई पिता वैजा भाई वडेर उम्र 58 साल कमलाबाग जिला पोरबंदर गुजरात, मनसुखलाल पिता नजा भाई दाफदा निवासी मेघानी नगर जिला जूनागढ़ गुजरात को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों के बैगों और झोलों से कुल 36 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 27 लीटर और अनुमानित कीमत 58,560 रुपये बताई गई है। बरामद मदिरा में वेट 69, सिग्नेचर, रॉयल चैलेंज एवं ओल्ड स्मगलर जैसे ब्रांड शामिल हैं। कार्रवाई में जीआरपी के राकेश वर्मा, निरंजन मीणा, सुरजीत सिंह, आर. किशोर परमार, सुनील ढाका, संतोष गुर्जर की भूमिका सराहनीय रही।

# भागीरथपुरा कांड के बाद स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए करोड़ों रुपए मंजूर

## एक बार फिर अपनी उपलब्धि को दोहराने के लिए निगम लगाएगा ताकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**भागीरथपुरा में दूषित जल हादसे से अब तक 27 लोगों की मौत हो जाने के बाद नगर निगम के द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए करोड़ों रुपए की राशि मंजूर कर दी गई है। इस राशि के माध्यम से काम करवा कर नगर निगम के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी पुरानी सफलता को दोहराने की कोशिश की जाएगी।**

भागीरथपुरा की घटना निश्चित तौर पर इंदौर को मिले वाटर प्लस के तमगे पर सवालिया निशान लगाती है। जिस शहर में नागरिकों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पाता है और 27 लोग गंदा पानी पीने से मर जाते हैं उस शहर के देश के सबसे स्वच्छ शहर होने पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2025 का स्वच्छता सर्वेक्षण करने के लिए टूल किट जारी कर दी गई है। इस टूल किट के माध्यम से इसमें दिए गए प्रावधानों के अनुसार सर्वेक्षण के कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

यह सर्वेक्षण मार्च के महीने में शुरू होने की उम्मीद है। इंदौर नगर निगम के द्वारा भागीरथपुरा की घटना के प्रकाश में इस सर्वेक्षण के लिए भी तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के लिए करोड़ों रुपए की राशि मंजूर कर दी है इस राशि से काम करवाने के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

निगम ने वार्ड क्रमांक 27 में सड़क के किनारे की दीवार की पुताई के लिए 10 लाख, वार्ड क्रमांक 37 में सिविल कार्य करने के लिए 22 लाख, वार्ड क्रमांक 60 में काम करने के लिए 14 लाख, वार्ड क्रमांक 63 में काम करने के लिए 20 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 63 में यूरिनल की मरम्मत पर 10 लाख रुपए, वार्ड 39 में इसी कार्य पर 5 लख रुपए, वार्ड 25 में इसी कार्य पर 10 लाख रुपए, वार्ड 52 में 8 लाख और वार्ड 9 में 6 लाख खर्च किए जाएंगे। इसके साथी ग़ौराकुण्ड चौराहे पर अप्सरा चाय के पीछे आदर्श यूरिनल का निर्माण होगा। इस कार्य पर 9.25 लाख रुपए खर्च होंगे।

# स्कीम नंबर 51 में पानी की पुरानी जर्जर टंकी को तोड़ा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा आज सुबह योजना क्रमांक 51 में स्थित पुरानी जर्जर पानी की टंकी को तोड़ने का काम शुरू किया। निगम की टीम सुबह से ही इस तोर के लिए मौके पर पहुंच गई थी। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थान पर 45 साल पहले बनाई गई टंकी को तो पूर्व में ही तोड़ा जा चुका है। अब टंकी के पिलर और पूरा ढांचा बचा हुआ था जिसे की आज तोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही इस टंकी के नीचे कमरे बने हुए हैं जिसमें की निगम के कर्मचारी ही परिवार के साथ रहते हैं। इन कमरों को भी खाली करवा कर तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब टंकी पहले से ही तोड़ी जा चुकी थी तो फिर उसके बाद में उस टंकी को बनाने के लिए तैयार किया गया ढांचा अभी तक खड़ा होने के कारण यह जमीन अनुपयोगी हो रही थी। ऐसी स्थिति में इस ढांचे को तोड़कर इस जमीन को रिक्त अवस्था में लाया जाएगा ताकि आने वाले समय में इंदौर नगर निगम के द्वारा इस जमीन का उपयोग किया जा सके। ध्यान रहे कि जिस स्थान पर यह जमीन है वह स्थान बहुत महत्वपूर्ण और आबादी के बीच का होने के साथ में कीमती है।

यह पूरी कार्रवाई नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 4 के द्वारा की जा रही है। ध्यान रहे कि यह वही जोनल कार्यालय है जिसके अंतर्गत भागीरथपुरा का क्षेत्र भी आता है। इस जोनल कार्यालय के द्वारा अपनी जल वितरण की व्यवस्था की पुनर्रचना और समीक्षा की जा रही है। इसी समीक्षा के दौरान यह हकीकत सामने आई कि टंकी तोड़ने के बावजूद बाकी के निर्माण के मौजूद होने के कारण यह स्थान खतरनाक भी बन गया है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही आज की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

# कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़.. 'मुझसे बात नहीं की तो तुझे मार दूंगा'

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में एक छात्रा का पीछा करने और उसे जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। राजगढ़ के एक युवक ने छात्रा को बातचीत करने के लिए मजबूर किया और इनकार करने पर खुदकुशी या हत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय पीड़िता यहाँ किराए का कमरा लेकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही है। आरोपी हितेश जैसवाल निवासी खिलचीपुर, जिला राजगढ़ ने कहीं से पीड़िता के कमरे का पता निकाल लिया था। वह छात्रा को कॉलेज आते-जाते समय बुरी नीयत से पीछा करता था और उसे परेशान करता था।छात्रा ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले जब वह सब्जी मंडी से सामान लेकर अपने घर लौटी, तो आरोपी उसके कमरे के नीचे पार्किंग में घात लगाकर बैठा था। उसने छात्रा का रास्ता रोका और दबाव बनाते हुए कहा'यदि तूने मुझसे बात नहीं की, तो या तो मैं खुद मर जाऊँगा या तुझे मार दूँगा।' आरोपी लगातार बातचीत करने का दबाव बना रहा है, जिससे छात्रा मानसिक रूप से बेहद डरी हुई है। पुलिस ने आरोपी हितेश जैसवाल के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# बेडरूम के लॉकर से सोने के सिक्के और पुश्तैनी जेवर उड़ाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लसूड़िया इलाके में एक घर से कीमती जेवरात और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की यह वारदात किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि घर में आने-जाने वाले एक स्टाफ से जुड़े व्यक्ति ने अंजाम दी है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, फरियादी बेला गजरा (60), पति केनेडी गजरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बेडरूम में रखे सेफ लॉकर से कीमती सामान गायब है। चोरी गए सामान में सोने की चेन, सोने का सिक्का, कीमती पुश्तैनी जेवर और नगदी शामिल है। जब परिवार ने सामान की जांच की, तो लॉकर खाली मिला, जिससे घर में हड़कंप मच गया।चोरी का शक होने पर जब फरियादी और उनके स्टाफ ने बेडरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तो सच सामने आ गया। फुटेज में 28 दिसंबर को आरोपी सौरभ तिवारी संदिग्ध रूप से बेडरूम के अंदर जाता हुआ दिखाई दिया। फरियादी के मुताबिक, सौरभ का बेडरूम के अंदर कोई काम नहीं था, फिर भी वह वहां दाखिल हुआ और मौका पाकर लॉकर से जेवर व नकदी साफ कर दी।लसूड़िया पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और फरियादी के बयानों के आधार पर आरोपी सौरभ तिवारी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**सीसीटीवी में कैद हुआ संदेही**

# निगम आयुक्त ने दिया शोकॉज नोटिस तो काम पर लौटे अपर आयुक्त

**एआरओ से बंदी मांग के आरोप लगते ही राजस्व अपर आयुक्त चले गए थे लम्बी छुट्टी पर...**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम में इन दोनों राजस्व वसूली को लेकर सहायक राजस्व अधिकारी और अपर आयुक्त आमने-सामने की स्थिति में है जिसको नियंत्रित करने के प्रयास नगर निगम आयुक्त द्वारा किए जा रहे हैं लेकिन राजस्व विभाग में फिलहाल सब कुछ ठीक नहीं है, क्योंकि विभाग के मुखिया अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव से कर्मचारी खासे नाराज है यहां तक की एमआईसी सदस्य एवं राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान से भी श्रीवास्तव की पटरी नहीं बैठ पा रही। वही जब सहायक राजस्व अधिकारियों द्वारा अपर आयुक्त पर बंदी मांगे जाने का दबाव बनाने के आरोप पर निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया तो निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा अपर श्रीवास्तव से जवाब मांगा गया। इसके बाद उन्होंने बीमार होने का कारण बताते हुए 20 दिन की छुट्टी ले ली लेकिन इस दौरान भी निगम आयुक्त को यह जानकारी मिली कि जिस कारण से छुट्टी ली गई है असल कारण वह नहीं है। इसके बाद निगम आयुक्त द्वारा तत्काल अवकाश निरस्त करते हुए शुक्रवार को काम पर लौटने के निर्देश दिए गए थे।

नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि वित्तीय वर्ष खत्म होने में केवल दो माह का समय बचा हुआ है। विभाग में अधिकारी कर्मचारियों की समस्या सुनने एवं राजस्व बढ़ाने में सहयोग करने की बजाय दबाव बना रहे हैं। सभी जोन क्षेत्र से बड़े बकायेदारों की सूची मुख्यालय भेजी गई है। साथ ही राशि जमा करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। एआरओ द्वारा मांग की गई है की बड़े बकाया को नोटिस तामील करने के अलावा डिजिटल रूप से बड़े बकायादारों को तकादे किए जाएं। इसके अलावा शासन स्तर पर पोर्टल सुचारू रूप से संचालित हो इस पर भी काम किया जाए। भोपाल से पोर्टल की लिंक कब फेल हो जाए इसका कोई भरोसा नहीं रहता, पुराना रिकॉर्ड देखने में परेशानी आ रही है।

फरवरी और मार्च माह में लगभग 500 करोड रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया है, वार्षिक राजस्व वसूली 1200 करोड रुपए से अधिक वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी सहायक राजस्व अधिकारी फील्ड में काम कर रहे हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारी इसमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। फिलहाल नगर निगम आयुक्त द्वारा सहायक राजस्व कर्मचारी द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया है। वही अपर श्रृंगार श्रीवास्तव अपने पर लगे आरोपों को लेकर मौन है। वहीं राजस्व समिति के प्रभारी एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि वह लंबे समय से राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं है क्योंकि जिन विषयों एवं मुद्दों पर चर्चा करनी होती है उस दौरान अधिकारी उपलब्ध नहीं होते या फिर जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए विषयों में उनकी रुचि नहीं रहती। इस संबंध में कई बार वे अपनी नाराजगी महापौर के समक्ष राजस्व पर अपर आयुक्त के संबंध में रख चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में मार्केट विभाग के अपर आयुक्त को चर्चा के लिए बुलाया था लेकिन उन्होंने दो दिन तक टालने के बाद भी चर्चा करना उचित नहीं समझा। सराफा बाजार को लेकर मार्केट विभाग के अपर आयुक्त से चर्चा करनी थी लेकिन उन्होंने समय नहीं दिया। इसके अलावा राजस्व विभाग की कार्यशैली भी महापौर पुष्यमित्र भार्गव के संज्ञान में लाई गई है।

# पुलिस परिवार की हाई राइज बिल्डिंग में गंदा पानी

**परिजन बोले टंकी नहीं हो रही है साफ**



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खड़े गणपति-संगम नगर रोड स्थित पुलिस लाइन में 8 हाई राइज बिल्डिंग पुलिस अधिकारी और कर्मियों के लिए बनी हुई है। यहां पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ रहते हैं। यहां कुछ जगह लगातार गंदा पानी टंकियों से आ रहा है, इस पर आज सुबह कुछ पुलिसकर्मियों के परिजनों ने आपत्ति ली और बताया कि टंकी साफ नहीं होने की वजह से गंदा पानी घरों के नलों तक पहुंच रहा है। गंदा पानी टंकी तक कैसा पहुंच रहा है, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है और टंकी साफ क्यों नहीं हुई यह भी मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस लाइन से जुड़े अधिकारियों को फोन लगाया तो उनके फोन सुबह बंद थे इसलिए भी बात नहीं हो पाई।



# तिलक नगर में बनेगी 45 लाख की सड़क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर नगर निगम के द्वारा तिलक नगर एक्सटेंशन में 45 लाख रुपए की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण करने के साथ ही वर्तमान में मौजूद सड़क का लेवल सुधारने का काम भी किया जाएगा।

**सड़क का लेवल सुधारने के साथ होगा नया निर्माण**

निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 49 में तिलक नगर एक्सटेंशन आता है। यहां पर बगीचे के आसपास रोड का लेवल सही नहीं है। ऐसे में बारिश के मौसम में यहां पर जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण नागरिकों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों की समस्या का समाधान करने के लिए इस सड़क का लेवल ठीक करना आवश्यक हो गया है। इसके साथ ही योग केंद्र तक जाने वाली सड़क का निर्माण भी किया जाना आवश्यक है। निगम के द्वारा इस काम को करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर मंजूर किया गया है। इस कार्य पर 45 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इस काम को करने में 6 महीने का वक्त लगेगा। नगर निगम के द्वारा इस काम को शुरू करवा कर पूर्ण करवाने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया गया है। निगम की कोशिश है कि बारिश का मौसम आने से पहले यह काम पूर्ण कर लिया जाए। इसके लिए निगम के द्वारा इस काम को करने का इच्छुक ठेकेदारों से 23 फरवरी तक उनके ऑफर बुलवाए गए हैं।

# क्रेडाई प्रॉपर्टी शो क्रे शुरुआत होते ही दिखा असर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री विनोद अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समा-रोह के इस विशेष मौके पर उनके साथ क्रेडाई इंदौर के सभी मेंबर्स भी उपस्थित थे। 26 जनवरी तक एमआर-10 स्थित सी-21 एस्टेट ग्राउंड पर आयोजित इस शो के पहले दिन विज़िटर्स ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ प्रॉपर्टी देखने की शुरुआत की। यहां 40 से अधिक डेवलपर्स द्वारा शहर की प्राइम लोकेशन, डेवलपिंग एरिया, लक्ज़रीयस टाउनशिप्स में प्रॉपर्टी के 200 से अधिक ऑप्शंस प्रदर्शित किये जा रहे हैं। प्रेजेंटिंग पार्टनर एमरल्ड ग्रुप, माइक्रो मिट्टी गोल्ड स्पॉन्सर : स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी, एसएस इन्फिनिटस सिल्वर स्पॉन्सर : रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप, ड्रीम ग्रुप। शुभारम्भ समारोह के विशेष अवसर पर विनोद अग्रवाल ने कहा कि 'क्रेडाई ने रियल एस्टेट क्षेत्र में सही अर्थ में अपने नाम को चरितार्थ किया है। शहर को विकसित करने में क्रेडाई का महत्वपूर्ण योगदान है और यह ग्राहको और डेवलपर्स के मध्य एकमहत्वपूर्ण कड़ी है।' उन्होंने क्रेडाई द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र में किये गए सभी उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की। इस विशेष मौके पर क्रेडाई के बोर्ड मेंबर गोपाल




गोयल ने कहा, कि प्रॉपर्टी शो की शुरुआत काफी उत्साहवर्धक रही। डेवलपर्स द्वारा विज़िटर्स को रेडी टू मूव हाउसेस, अंडर कंस्ट्रक्शन व रेडी पजेशन प्रॉपर्टी के ऑप्शंस दिखाए जा रहे हैं।

विशेष बात यह है कि यह सभी ऑप्शंस विज़िटर्स के बजट के अनुरूप है, जिसका लाभ ग्राहक 26 जनवरी तक उठा सकते हैं। विशेष रियल एस्टेट कॉन्क्लेव प्रॉपर्टी शो के दौरान विशेष रियल एस्टेट कॉन्क्लेव का आयोजन भी किया जा रहा है। क्रेडाई इंदौर के बोर्ड मेंबर अतुल झंवर ने कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए बताया कि, बदलते रियल एस्टेट क्षेत्र के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा के उद्देश्य से विशेष कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा। विशेषज्ञों से सराबोर इस कॉन्क्लेव में रियल एस्टेट के आयाम और चुनौतियाँ, अनलॉकिंग रियल एस्टेट ग्रोथ, रियल एस्टेट ग्रोथ को सरल बनाने में समस्या व समाधान जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य डेवलपर्स को स्मार्ट लिविंग ऑप्शंस व तकनीक के सही उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाना है। क्रेडाई बोर्ड मेंबर उमेश लीलानी ने कहा, कि हालिया माहौल में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने में ज्यादा इंटरेस्टेड है। ऐसे में इस तरह के शो उनके लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वह अपने सपने को पूरा कर सकते हैं। इसके अलावा खरीदी में फाइनेंस भी अब बड़ा मुद्दा नहीं रहा। प्रॉपर्टी शो में विविध ऑफर्स, न्यूनतम ईएमआई पर होमलोन सुविधाएं भी उपलब्ध है। निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था और फूड होने से विज़िटर्स अपनी सहूलियत से प्रॉपर्टी की जानकारी ले पा रहे हैं।


## उठावना



अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि हमारी पूज्य माताजी और स्व. श्री मुरलीदासजी वैष्णव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा देवी वैष्णव का निधन बुधवार, 21 जनवरी 2026 को हो गया। उनका उठावना शनिवार, 24 जनवरी 2026 को शाम 4 बजे श्री बनवारीलाल जाजू सभागृह, 51, छत्रीबाग श्री माहेश्वरी विद्यालय परिसर इंदौर पर रखा है।

-हेमंत वैष्णव (रितिका ज्वेलर्स)
-मनोज वैष्णव (अग्निबाण)
10, नगारची बाखल (बर्तन बाजार), इंदौर
(88897-73108/90983-98272)



## रिज़्यूमे बनाने पर विशेष सत्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस अकैडमी, इंदौर के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस में एमसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'रिज़्यूमे बिल्डिंग' विषय पर सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आईईईई स्टूडेंट चैप्टर के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छा और प्रभावी रिज़्यूमे बनाना सिखाना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रतिमा अग्रवाल रहीं। योगेन्द्र जैन, निषित जैन, निधि जैन, डॉ. मनीष पंडेलिक, प्रो. कविता चौधरी, प्रो. रुचि मुछाल, डॉ. नेहा भरणी मौजूद थे।

## रहवासी संघ ने किया बसंत उत्सव और मिलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कीम नम्बर 114 पार्ट 1 रहवासी संघ द्वारा बसंत उत्सव मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगी गैम भी खेले गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सुनीता शर्मा, अवधेश चतुर्वेदी,संजय शर्मा,श्याम



जायसवाल, गिरधारीलाल जाधवानी, महेश गर्ग, सतीश गुप्ता, रोहित सिंह,आलोक सोनी, मंजू अग्रवाल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ संभागायुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त इंदौर तरूण भटनागर द्वारा दिलाई गई। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## बिजासन मंदिर में हल्दी कुमकुम का आयोजन

**इंदौर।** ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी ने बसंत पंचमी पर बिजासन मंदिर में माँ सरस्वती का पूजन करने के साथ हल्दी कुमकुम का आयोजन किया। ऋचा अग्रवाल, साधना दीक्षित, ममता सोनकर, किरण बधाले, ललिता पाल, मधु दीदी, प्रिया साहू, अनीता शर्मा, जयश्री शर्मा सहित 80 मातृशक्तियां मौजूद थी।



## देश के महापुरुष को याद किया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन ने महापुरुष



सुभाषचंद्र बोस की जंयती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राकेश देवदत्त शास्त्री, योगिता, टीना राकेश शास्त्री, ओमप्रकाश जगन्नाथ वर्मा, सतीश कर्णिक, प्रकाश व्यास, दिनेश दुबे, गोा-विन्द राठौड़, प्रेम वर्मा, हिमांशु यादव, रानू सेन मौजूद थे।



## मोदी ने जीता स्वर्ण पदक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर के हार्दिक मोदी ने जम्मू-कश्मीर मे विनेशनल कवान-की-डोन चैम्पियनशिप 2025-26 मे अपने उम्र के बालरी के मध्य स्वर्ण पदक तलवार 8वेपन) में एवं कांस्य पदक क्वान्स में प्राप्त कर इन्दौर शहर को गौरवान्वित किया । इस जीत का श्रेय अपनी कोच अश्विनी पाल एवं अपने परिवार को दिया।



## स्टेट प्रेस क्लब में भी किया माँ को याद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती का पूजन किया गया। बुद्धि की देवी माँ सरस्वती का पूजन मीडियाकर्मियों ने भी कल स्टेट प्रेस क्लब के बैनर तले किया गया। प्रवीणकुमार खारीवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## खाटूश्याम मंदिर में किए दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खाटूश्याम मंदिर हवा बंगला में कल विशेष श्रृंगार महाआरती और प्रसादी का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारों के साथ दर्शन भी किए। पुजारी मोहन हटकर ने बताया कि रात 12 बजे तक श्रद्धालु आते रहे।





## राजस्थान यात्रा के पहले बप्पा को निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माउंट बार दादी मंडल की राजस्थान यात्रा आज से 28 जनवरी तक की जाना है और कल शुक्रवार को खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर निमंत्रण दिया गया।

## भागवत कथा का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अलकापुरी मूसाखेड़ी में भागवत कथा का रसपान अरुण कृष्ण महाराज दोपहर में करा रहे हैं। व्यासपीठ का पूजन प्रभा-ब्रजकिशोर शर्मा, राजकिशोर शर्मा और कमलकिशोर शर्मा, श्रीकांत पांडे, परामनंद पटेरिया, मयंक शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, नरेंद्र पवार, कमल पवार, उदित तिवारी, राजेश पवार, मुकेश पवार, कोमल चौहान ने किया।



## कान्यकुब्ज समाज ने कराया सामूहिक विवाह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी



सभा के संजय शुक्ला के मार्गदर्शन में सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह का आयोजन कल बसंत पंचमी पर 9 जोड़ों के साथ किया गया। अनूप वाजपेयी, राजेश्वरी तिवारी, प्रकाश मिश्रा, रामचन्द्र दुबे, कुसुम तिवारी ने अपनी भूमिका निभाई।




## वाल्मीकि समाज में 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वाल्मीकि समाज की चारों पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में 23 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आय़ोजन दशहरा मैदान पर आयोजित किया गया। आशीष लोट ने बताया कि कई राजनेता और जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



## गुरु ग्रंथ साहिब का पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बसंत पंचमी पर कल गुरु अन्यस ग्रंथ साहिब का पूजन किया गया। श्रवण वर्मा, राजेश वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, फतेहसिंह वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, शेखर वर्मा, आशीष वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, राजा वर्मा, राजेश वर्मा, भगवानदीन वर्मा, विनीत वर्मा, राजकुमार वर्मा मौजूद थे।



## नोटो से सजे वीर अलीजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर आज प्रभुवानन्द महाराज की शिवलोक प्राप्ति अष्टमी तिथि पर स्मृति महोत्सव मनाया जा रहा है। गादीपति पवनानन्द ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि अलीजा का विशेष श्रृंगार भारतीय मुद्रा से किया गया। सुबह 5 बजे चरण पादुका का अभिषेक किया गया, जिसके बाद फूल बंगला भी सजाया गया। सुबह 9 बजे 108 हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। शाम को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## वाल्मीकि समाज और सर्वजाति सर्वधर्म परिचय सम्मेलन कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वाल्मीकि समाज एवं सर्वजाति सर्वधर्म विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन कल रविवार 25 जनवरी को किया जाएगा। सम्मेलन से जुड़े राहुल निहोरे, सूरज गोहर ने बताया कि हंसदास मठ पर होने वाले कल सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। 400 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। समिति द्वारा सम्मेलन के रुझान को देखकर दूसरा सम्मेलन भी जल्द कराया जाएगा। महेश गोहर ने बताया कि विगत कई वर्षो से इस तरह के आयोजन कर गरीब और असहाय लोगो कि मदद की जा रही है।

## वैष्णोदेवी मंडल की कल से वैष्णोदेवी यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ वैष्णोदेवी भक्त युवा मंडल के धर्मेन्द्र जोशी ने बताया कि कल रविवार 25 जनवरी की सुबह 8.30 बजे अटलद्वार से 11 दिवसीय वैष्णोदेवी एवं अन्य जगह जाने वाले भक्तों की शोभायात्रा रेलवे स्टेशन तक निकाली जाएगी। आयोजन से राजू शर्मा, महेश पालीवाल, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, काशी मिश्रा, विवेक शुक्ला, गिरीश जैन, मनीष तिवारी, रितेश बाफना, डॉ. आलोक डोलिया, जितेन्द्र त्रिपाठी जुड़े हुए हैं।

## जैन समाज का कल परिचय सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का अ.भा. परिचय सम्मेलन कल रविवार को दस्तूर गार्डन में होगा। राजेश जैन, राकेश विनायका, कीर्ति पंडया, प्रदीप गंगवाल, संजय पापड़ीवाल, आशीष जैन ने बताया कि परिचय पुस्तिका का विमोचन भी होगा। 1100 से अधिक प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। कई राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहेंगे।

# माहेश्वरी समाजजनों ने किया बालीवुड नाइट आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माहेश्वरी संगम कपल ग्रुप की बालीवुड थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। संरक्षक श्रीमोहन-नीता सोमानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 250 संगम साथियों ने भाग लिया। गीत, संगीत, मन-मोहक अदाओं के नृत्य, हास परिहास से शानदार रोमांचक समां बांधा। संतोष अनिता साबू, गोपालदास कृष्णा राठी, जयकिशन मनीषा डागा, श्रीमोहन नीता सोमानी, गोपीकृष्ण ब्रजलता काकानी, दिनेश मधुबाला लखोटिया, गोविंददास विजया मंत्री, डॉ महेश संगीता सोमानी, रवि बबीता बल्दवा, शरद सरला साबू, प्रदीप सीमा जाखेटिया मौजूद थे। इवेंट मुकेश सारडा ने और कोरियोग्राफर ऋतु लड्ढा ने किया।

# हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सूरज नगर बस्ती में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन कल 25 जनवरी को किया जाएगा। इसके लिए रहवासियों को पीले चावल के साथ निमत्रण दिए गए। लगातार बैठक भी चल रही है जिसमें श्रवण वर्मा, संजू विश्वकर्मा, गणेश कुमावत, दुर्गेश पाटीदार, संजू ठाकुर, विनोद गौड,मुकेश तोमर, मोहित खटीक, देवेंद्र जोशी, गोविंद पाटीदार, गोपाल राजपूत, संतोष कौशल, नीतेश वर्मा, बसंत गुप्ता, मुकेश तोमर, ज्योति बहन, सोहनलाल जाट, नीतेश परमार, मोहित खटीक, देवेन्द्र जोशी सहित अन्य मौजूद थे।





## हनुमान मंदिर पर महाआरती

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था शिवादीप की मेजबानी में नवलखा स्थित हनुमान मंदिर पर 56 भोग, महाआरती, पुष्प श्रृंगार, भजनांजलि एवं महाआरती का आयोजन किया गया। सौरभ गोयल ने उक्त जानकारी दी।

# बच्चों ने की मां सरस्वती पूजा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद में बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती माता का पूजन किया गया। पीली वेशभूषा में आए बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया, बच्चों ने कविताएं भी सुनाई। बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में भी समझाया गया। विद्यालय के संचालक पुलक गुप्ता, रुचिका गुप्ता, प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा वर्मा, मंजू बैस, प्रतिभा मूले, प्रीति कापसे, राखी करडे, चित्राली गोयल, राजबाला मिश्रा, दीपा जोनवाल, अंकिता जैन, वर्षा जारवाल, अंजलि जारवाल, आकांक्षा कुमावत, संगीता चौहान, चांदनी चौहान, शबनम खान, कुमुद येवले, कीर्ति जोशी, अंजना शर्मा, शिवानी सोलंकी, अभय जैन, निलेश चौहान, मथुरा प्रसाद मैना, विकास केशवाल, शुभम चौहान, कुंदन चौहान, आदित्य मंत्री शिक्षकगण मौजूद थे।



# छह विभूतियों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समाज में योगदान देने वाली छह विभूतियों डॉ. दिलीप वाघेला, पूजा दवे, बालकदास घोरेया, आदित्य तिवारी, संदीप काले, आफताब आलम कुरैशी को नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया गया। मदन परमालिया ने बताया कि दादू महाराज, सज्जन सिंह वर्मा, सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी, विनोद पटेल मौजूद थे।



# 101 बटुकों ने धारण किए नूतन यज्ञोपवीत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बंसत पंचमी पर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 101 बटुकों ने नूतन यज्ञोपवीत धारण किए। दशविध स्नान की रस्म के तहत बटुकों ने मिट्टी, गोबर, भस्म, पंचामृत, गोमूत्र, तीर्थजल एवं दुर्वा आदि से स्नान किया। रामचंद्र शर्मा, कैलाश पाराशर, विनोद जोशी, प्रवीण सोनी मौजूद थे।



# रथयात्रा में लगे खाटू श्याम बाबा के जयकारे



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी पर मंदिर से खाटू श्याम बाबा की रथयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में खाटू श्याम बाबा के जयकारे भी लगे, कीर्तन पर नृत्य भी हुआ। यात्रा में 251 महिलाएं मंगल कलश एवं 125 पुरुष रंग-बिरंगी श्याम ध्वजा लेकर चल रहे थे। मदनलाल शर्मा, रामकुमार अग्रवाल, राजकुमार चितलांगिया, अनिल तांबी, रामलाल जांगीड़, मनोज चितलांगिया, जयप्रकाश इंदौरिया, मयंक कुमावत, रवि शर्मा, जय जांगीड, अंकुर सुरेका, शुभम मीणा, अशोक शर्मा, वीरेन्द्र दत्त, महेश यादव, सत्यनारायण शर्मा, ओम शर्मा, दिनेश शर्मा, रामचरण शर्मा मौजूद थे।

# कलशयात्रा के बाद भागवत कथा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर पहली बार भागवत कथा का रसपान श्यामसुन्दर शास्त्री के श्रीमुख से शुरू हुआ इसके पूर्व कलशयात्रा निकाली गई। अशोक सारडा, राजेश जोशी, प्रमोद खटोड, लक्ष्मण माहेश्वरी, रामनिवास भराणी, राहुल सोनकर, अनिल राठोर, ओमप्रकाश सोनकर एवं ओमप्रकाश राठौर सहित अन्य मौजूद थे।






## जगन्नाथपुरी-गंगा सागर यात्रा पर दल प्रस्थित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्रश्री कपल्स ग्रुप की मेजबानी में शहर के अग्रवाल समाज की 30 महिलाओं एवं अन्य परिजनों का दल विमान से जगन्नाथपुरी, गंगा सागर, कोलकाता की यात्रा पर प्रस्थित हुआ। यात्रियों का स्वागत भी किया गया। आयोजन सपना-कुलभूषण मित्तल कुक्की की प्रेरणा से हो रहा है।

# मां सरस्वती का पूजन-हवन एवं महाआरती

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वसंत पंचमी के अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब में मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजन एवं हवन कर महाआरती की गई। बडी संख्या में मीडिया कर्मियों के अलावा राजनेता, समाजसेवी, अधिकारी एवं प्रेस क्लब पदाधिकारी भी मौजूद रहे। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी ने उक्त जानकारी दी।







# पंचमुखी बालाजी धाम पर कलश स्थापना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मालवा मिल अनाज मंडी स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम मंदिर पर लक्ष्मीनारायण, पंचमुखी बालाजी एवं शिव मंदिर के शिखर पर अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना का अनुष्ठान संपन्न हुआ। शोभायात्रा भी निकाली गई। गिरीश खंडेलवाल ने उक्त जानकारी दी।



## डीए जुगा के तहत विद्युतीकृत परिवार देखेंगे गणतंत्र दिवस दिल्ली समारोह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए जुगा) में अत्यंत दूरस्थ वनवासी क्षेत्र समेत मालवा निमाड़ में सैकड़ों मजरे, फलिए, टोले को रोशन किया गया है। इनमें से 23 वनवासी 26 जनवरी को राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी मे नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने जाएंगे, वहां वे सरकारी मेहमान बनकर राष्ट्रीय महोत्सव के साक्षी बनेंगे। पश्चिम मप्र के ये 23 वनवासी मेहमान आज 24 जनवरी को इंदौर से नई दिल्ली के लिए विमान से प्रस्थित होंगे।



## कैम्प में स्काउट दल भी हुआ शामिल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में मध्य प्रदेश इंदौर का स्काउट दल शामिल हुआ। स्काउट गाइड द्वारा फ्लैग होस्टिंग की तैयारी के साथ उपस्थित हुए। शुभ रेगे, आदित्य जगताप, धैर्य आहूजा, ह्रदय कश्यप, अभिनव पांडे, ललित सिलावट, चंद्रशेखर सिलावट, महावीर वर्मा ,संदीप कनौजिया, जयंत कुमावत, विकी पवार, दीपेश सेन, कुमारी मोना सोलंकी, गाइड कैप्टन विनीत वर्मा, अवधेश सोनकर, तेजकुमार सिलावट ने अपनी भूमिका निभाई।



## स्टार फेन क्लब ने दी इंडिया गेट पर प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान सेवा सुरभि द्वारा रीगल तिराहा पर आयोजित किया जा रहा है। इंडिया गेट की प्रतिकृति के समीप स्टार फेन क्लब ने देश भक्ति पर आधारित 20 गीतों की प्रस्तुति दी। हेमंत अग्रवाल, यशवर्धन दुबे, मनीष शुक्ला, रोहित ओझा, अंकित कंसल, सुरभि अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

## बाल विवाह जागरूकता रथ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। संस्था आस जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ का निर्माण किया गया। यह रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता तक अधिनियम की जानकारी पहुंचाएगा और उन्हें जागरूक करने का प्रयास करेगा। बसंत पंचमी पर कलेक्टर कार्यालय से जागरूकता रथ को एडीएम मुख्यालय रोशन राय और एसीईओ जिला पंचायत संजय तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भगवानदास साहू, महेन्द्र पाठक, देवेंद्र कुमार पाठक, शैलेश शर्मा, राहुल गोठाने, शिवकन्या बघेल, श्रीराम ओसरी, राधा फुलपगारे उपस्थित थे।

## बिना हेलमेट के तीन दिन में बने साढ़े 6 हजार चालान





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस लगातार जागरूकता आयोजन भी कर रही है और बिना हेलमेट लगाए वाहन चला रहे लोगों पर चालानी कार्रवाई भी कर रही है। यातायात पुलिस ने तीन दिनों में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 6569 वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही की।



## 115 मीडिया कर्मियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित छः दिवसीय अमृतसर यात्रा में इंदौर, भोपाल, देवास, मनावर और शाजापुर के 115 से अधिक मीडियाकर्मी अपने परिवारजनों सहित शामिल हुए। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आतिथ्य में स्थानीय विधायक, कुलपति, अमृतसर कलेक्टर एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया। दल में शामिल सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

## विधायक यादव ने दी श्रद्धांजलि



**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)**। मध्यप्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित की माताजी रमा रसिक बिहारी पुरोहित के निधन पर पूर्व मंत्री विधायक सचिन यादव ने निवास पर पहुंचकर चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हुई अखण्ड पूजा सर्व हिन्दू समाज का संकल्प पूरा हुआ

**सर्व हिन्दू समाज अखण्ड पूजा से हुआ गदगद, भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा की भूमिका रही अहम...**

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )**। भोजशाला मे मां सरस्वती जन्मोत्सव को लेकर लिया गया सर्व हिन्दू समाज, भोज उत्सव समिति और भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा का अखण्ड पूजा का संकल्प आखिरकार पूरा हो गया, बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार आ जाने से मां वाग्देवी की अखण्ड पूजन को लेकर स्थिति साफ नहीं हो रही है, जिसको लेकर पिछले कई दिनों से शहर सहित जिलेभर के नागरिकों मे तरह-तरह की चर्चाए चल रही थी, लेकिन अखण्ड पूजा के सम्पन्न होने साथ ही सभी चर्चाओं पर पूर्ण विराम लगा दिया, साथ ही पिछले लगभग छः महीने से भोजशाला मुक्त यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा से ज़ब भी मिलना होता बसंत पंचमी और शुक्रवार को साथ-साथ आने के सवाल पर बात होती थी, गोपाल शर्मा का हमेशा एक जवाब रहा था, हम पूजा तो इस बार अखण्ड ही करेंगे, चाहे जो हो, सर्व हिन्दू समाज ला सर इस बार गर्व से ऊंचा ही रहेगा, जैसा हुआ भी, मां वाग्देवी की पूजा सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखण्ड ही



चली,सर्व हिन्दू समाज ने लाखों की संख्या मे शोभायात्रा और भोजशाला मे दर्शन-पूजन किया, 2006, 2013,2016 मे जो सर्व हिन्दू समाज खुद को ठगा सा महसूस कर रहा था, शुक्रवार बसंत पंचमी पर उसकी चेहरे पर एक अलग ही चमक देखने को मिल रही थी, सालों से इस आंदोलन का हिस्सा रहे सक्रिय हजारों कार्यकर्ताओ के आँखों मे खुशी के आंसू साफ देखे जा रहे है, उनका कहना था हमें बस इस दिन का इंतजार था, की हम कब पूजा शुक्रवार को अखण्ड करेंगे, अब बस मां का गर्भग्रह मे विराजमान का इंतजार रहेगा, जिलेभर मे बसंत पंचमी और शुक्रवार साथ-साथ आ जाने के बावजूद जिला प्रशासन से जो सहयोग सर्व हिन्दू समाज को मिला उससे समाज गदगद दिखाई दे रहे है, एंव प्रशासन का धन्यवाद प्रेषित कर रहा है, शुक्रवार को भोजशाला मे सर्व हिन्दू समाज के व्यक्तिओ को देख कई व्यक्ति के होश उड़ गए थे, वही प्रशासन ने भोजशाला परिसर के हिस्से मे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार 15 से 17 मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों को नमाज भी अदा करवाई, हालांकि कुछ मुस्लिमो ने मिडिया को बताया की हमारी नमाज सम्पन्न नहीं हुई, हालांकि यह आरोप-प्रत्यारोप का यह दौर अभी चलता रहेगा, कुल मिलाकर देखा जाए तो छुटपुट घटनाओ को छोड़ दिया जाए तो, पिछले कई दिनों से बसंत पंचमी और शुक्रवार साथ-साथ आ जाने से बन रही तनाव की स्थिति को प्रशासन मे खासकर धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी और सीएसपी सुजावल जग्गा की रणनीति रंग लाई और शहर सहित जिलेभर मे शांति बनी रही, जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन बधाई का पात्र है।

संपादकीय

## टी20 विश्वकप में उतरने को तैयार खिलाड़ी, परदे के पीछे की ताकतें बांग्लादेश को विश्व क्रिकेट में क्यों कर रही हैं अकेला?

इस विवाद के बीच बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ियों के बयानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि वे भारत में खेलने के इच्छुक हैं। इससे स्पष्ट है कि खेल भावना पर सियासत का रंग चढ़ाया जा रहा है, मगर इसका खमियाजा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को ही भुगतना पड़ेगा। बांग्लादेश की ओर से नाहक ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर भारत में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 में भाग न लेने के फैसले को खेल भावना के विपरीत माना जा रहा है। खेल भावना शांति, एकता और आपसी सम्मान का प्रतीक है, जो मतभेदों को भुलाकर विभिन्न देशों, उनके खिलाड़ियों और लोगों को भौगोलिक सीमा के दायरे से इतर एक साथ लाती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सवाल भी चर्चा का विषय बन गया है कि बांग्लादेश का निर्णय क्या वास्तव में सुरक्षा चिंताओं का नतीजा है, या फिर मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अपनी सियासी कुंठा को छिपाने की रणनीति। दरअसल, भारत और खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) बांग्लादेश के असुरक्षा संबंधी दावों को खारिज कर चुके हैं। इसके बावजूद अपनी जिद पर अड़े रहने का नुकसान आखिरकार बांग्लादेश को ही झेलना पड़ेगा, न केवल आर्थिक तौर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में साख गिरने के रूप में भी। खेल के जानकारों का मानना है कि इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से ही खेल को खेल भावना से जोड़कर देखा जाता। पिछले दो हफ्तों में आइसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े रहे। जबकि, खिलाड़ियों की सुरक्षा का जो मसला उठाया गया है, उसके पीछे मंशा कुछ और ही प्रतीत होती है। माना जा रहा है कि असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, बल्कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव की बुनियाद पर लिया गया है, जो खेल भावना के खिलाफ है। यह बात छिपी नहीं है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है और टी20 विश्व कप में भाग न लेने से उसकी दिक्कतें और बढ़ेंगी। हालांकि इस विवाद के बीच बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ियों के बयानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि वे भारत में खेलने के इच्छुक हैं। इससे स्पष्ट है कि खेल भावना पर सियासत का रंग चढ़ाया जा रहा है, मगर इसका खमियाजा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को ही भुगतना पड़ेगा।

## पुरोहित का कविता पाठ होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हिन्दी साहित्य समिति में 1 फरवरी रविवार को एलएन पुरोहित का कविता पाठ का आयोजन होगा। अन्य रचनाकार कविता और मुशायरे की प्रस्तुति देंगे।

## महामंगलकारी 'चार शरण' जाप का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सर्व विघ्नहारी, सर्व सुख-शांति एवं समृद्धि प्रदान करने वाले चार शरण के महामंगलकारी जाप का आयोजन श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ एवं अनुष्ठान आयोजन समिति,के तत्वावधान में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस को प्रातः 9 बजे से न्यू जैन साधना भवन, कसेरा बाज़ार स्कूल के सामने संपन्न होगा। आचार्य प्रवर ज्ञानचंद्र महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। पाठ के पश्चात भाग्य गणित के माध्यम से प्रत्येक सहभागी को 24 घंटे में उनके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण 1 मिनट की जानकारी दी जाएगी। उस समय प्रतिदिन 9 बार चार शरण का जाप करने का निर्देश रहेगा। उक्त जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।

## नर्मदा जयंती पर कल आरती-पूजन, अभिषेक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा रविवार, 25 जनवरी को नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में अंतिम चौराहा स्थित नर्मदा नटखट हनुमान मंदिर पर आरती-पूजन एवं अभिषेक का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। हरि अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर अखंड धाम आश्रम सहित अनेक संस्थाओं के संत-विद्वान भी उपस्थित रहेंगे।

# बीच-बचाव करने गई बुजुर्ग महिला का सिर फोड़ा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हीरा नगर थाना क्षेत्र में किरायेदारों के आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। झगड़ा शांत कराने पहुँची एक बुजुर्ग महिला पर आरोपियों ने डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी विमला यादव निवासी आदर्श मौलिक नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे उनके घर के सामने रहने वाले किरायेदार रोहित गौर, आकाश चौहान और प्रकाश चौहान मिलकर एक अन्य किरायेदार आयुष अहिरवार की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। विमला यादव जब मानवता के नाते बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने आयुष को छोड़कर बुजुर्ग महिला को निशाना बना लिया।आरोप है कि विवाद के दौरान प्रकाश चौहान ने हाथ में लिए लकड़ी के डंडे से विमला यादव के सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उनके सिर के बाईं ओर गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। वहीं, मारपीट में आयुष अहिरवार को भी ठोड़ी और पैर में अंदरूनी चोटें आईं। शोर सुनकर जब महिला का बेटा विशाल बचाने दौड़ा, तो आरोपी वहां से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि 'दोबारा बीच में आए तो जान से खत्म कर देंगे।'

# चोइथराम मंडी पार्किंग में पुलिस का छापा, ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

राजेंद्र नगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए चोइथराम मंडी की पार्किंग से दो युवकों को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नशीला पदार्थ और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद की है।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब 11:15 बजे पुलिस टीम चोइथराम मंडी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मंडी की पार्किंग में दो युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी आदित्य उर्फ आदी निवासी भूरी टेकरी, बिचौली हप्सी के कब्जे से 10.7 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। जबकि नयन बोरासी निवासी बड़ी ग्वालटोली के पास से 0.6 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 11.3 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया है। इसके अलावा मौके से एक सुजुकी एक्सेस 125 स्कूटी एमीप-09 डीआर 4975 भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है। पूछताछ में आरोपी यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि वे यह नशा कहाँ से लाए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे।

### एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इनके नेटवर्क को खंगाल रही है ताकि शहर में नशा सप्लाई करने वाले मुख्य सरगना तक पहुँचा जा सके।

# गेहूं बेचकर नशा किया मां ने रोका तो पत्थर से मारकर किया घायल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एरोड्रम थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी बेटे ने नशे की खातिर घर में रखा राशन (गेहूं) बेच दिया और जब मां ने इसका विरोध किया, तो उसने अपनी ही बुजुर्ग मां पर पत्थरों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पंचशील नगर में रहने वाली बेबीबाई (60) ने अपने बेटे तेजू तायड़े के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसका बेटा नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए अक्सर घर का सामान चोरी-छिपे बेच देता है। शुक्रवार सुबह आरोपी ने घर में रखा 30 किलो गेहूं बिना पूछे बाजार में बेच दिया और उन पैसों से नशा कर घर लौटा।जब मां बेबीबाई ने गेहूं बेचने के बारे में पूछा, तो आरोपी बेटा आगबबूला हो गया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने अपनी बुजुर्ग मां के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर पत्थर उठाकर मार दिया, जो उनकी कमर पर लगा। हमले में बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट आई है। मारपीट के दौरान आरोपी चिल्लाकर कह रहा था कि 'अगर आज के बाद मुझे नशा करने से रोका, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।'

# सिंगापुर टाउनशिप में प्लॉट पर अवैध कब्जा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप में एक खाली प्लॉट पर अवैध रूप से बाउंड्रीवाल बनाकर उस पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध कब्जे का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी शिराज पिता मोइनुद्दीन खान निवासी खिजराबाद कालोनी की शिकायत पर आरोपी चंद्रप्रकाश गुप्ता और उसकी पत्नी पूजा गुप्ता निवासी सिंगापुर टाउनशिप के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सिंगापुर टाउनशिप फेस-02 में उनका प्लॉट क्रमांक 223 स्थित है। इस प्लॉट पर आरोपी दंपति ने बुरी नीयत रखते हुए बिना किसी कानूनी अधिकार के कब्जा कर लिया। आरोपियों ने न केवल प्लॉट के चारों ओर बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी, बल्कि वहां स्वयं को भू-स्वामी बताते हुए अपने नाम का बोर्ड भी लगा दिया।फरियादी का आरोप है कि दंपती ने साजिश के तहत उनके कीमती प्लॉट पर कब्जा किया ताकि उससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सके।

**दंपती ने बाउंड्रीवाल बनाकर ठोंका मालिकाना हक**

## दो परिवारों के बीच संघर्ष, जमकर चलीं ईंटें और लात-घूंसे

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिरपुर काकड़ में पुराने विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें दोनों तरफ के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, पहले पक्ष की फरियादी नीलू पांचाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शाम को रिश्तेदारी में जाने के लिए तैयार हो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी गोपाल राजपूत और उसकी पत्नी संगीता घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। जब नीलू ने विरोध किया, तो आरोपियों ने ईंट उठाकर उसके सिर पर दे मारी, जिससे वह लहूलुहान हो गई। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि 'हम मोहल्ले में कैसे भी रहें, तुझे कुछ नहीं बोलना है, वरना जान से खत्म कर देंगे।'

वहीं, दूसरे पक्ष से गोपाल परमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि शाम करीब 7:00 बजे सावन पांचाल और उसकी बहन राधिका ने पुराने विवाद को लेकर उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर राधिका ने ईंट से गोपाल के सिर पर हमला कर दिया, जबकि सावन ने लात-घूंसे चलाए। आरोपियों ने भी दूसरे पक्ष को जान से मारने की धमकी दी।

## मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों का हुआ एक्सीडेंट

**इंदौर।** भंवरकुआं क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे दो बदमाशों की किस्मत ने साथ नहीं दिया। हड़बड़ाहट में बदमाशों की बाइक एक स्कूटर से जा टकराई और वे सड़क पर गिर पड़े। जिसके बाद फरियादी और राहगीरों ने घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार रात करीब 9:00 बजे आई.टी. पार्क चौराहे की है। फरियादी अनुप करोले मूल निवासी खंडवा, हाल मुकाम अनुराग नगर अपनी पत्नी संगीता के साथ अपनी बहन के घर जाने के लिए चौराहे पर खड़े होकर बस या ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर अनुप के हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया।मोबाइल लूटकर बदमाश तेजी से भागे, लेकिन कुछ ही दूरी पर वे सामने से आ रहे एक स्कूटर से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बदमाश बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और उन्हें चोटें भी आईं। इसी बीच फरियादी अनुप ने शोर मचा दिया, जिसे सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और दोनों लुटेरों को दबोच लिया।सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओमप्रकाश मालवीय निवासी छोटी अमर पैलेस और अमन रानवे निवासी पवनपुत्र नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।

**बाइक से गिरे तो पब्लिक ने जमकर कूटा, फिर पहुँचे सलाखों के पीछे**

## तळी भंडार आयोजन कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप द्वारा कल 25 जनवरी रविवार को श्री मल्हारी मार्तंड मन्दिर, श्री महाराष्ट्र चर्मकार समाज, जय मल्हार सदन 9 नॉर्थ हरसिध्दि पर कल :सुबह 11.30 बजे से तळी भंडारा का आयोजन होगा।

## लक्ष्मीबाई केलकर स्मृति व्याख्यानमाला आज और कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा लक्ष्मीबाई केलकर स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन आज 24 एवं 25 जनवरी की शाम 5.30 बजे से जाल सभागृह में किया जाएगा। जूही अग्रवाल, डॉ. जमना मिश्रा, सुनीता सोवनी, विनिता शर्मा, डॉ. श्रीलेखा जोशी, आरती मिश्रा अपनी भूमिका निभाएंगे।

## मानस सम्मेलन एवं भागवत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महंत घनश्याम दास महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर मानस सम्मेलन एवं श्री भागवत कथा 22 से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक आयोजन किया जाएगा। ब्रजकिशोर नागर के श्रीमुख से कथा होगी।

## आज से तरुण जत्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज से 26 जनवरी तीन दिनों तक दशहरा मैदान में तरुण जत्रा का आयोजन किया जा रहा है। मराठी व्यंजन के स्टाल भी लगे है।

## जैन समाज का ध्वजारोहण होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा.जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा समग्र जैन समाज का ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 9.15 बजे राजबाड़ा पर आयोजित किया गया है।संस्था के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।

# नोटशीट लिखने एवं फाइल मूवमेंट का प्रशिक्षण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर इस्तेमाल कर ई आफिस प्रणाली का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में एनआईसी की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी शाखा प्रभारियों एवं मानव संसाधन शाखा के अधिकारियों को विधिवत जानकारी देकर ई ऑफिस प्रणाली की बारीकियों को समझाया गया। मुख्य रूप से ऑन लाइन नोटशीट लेखन, नोटशीट ड्राफ्ट, रिकार्ड संधारण, फाइल एप्रूवल, येलो नोटशीट, ग्रीन नोटशीट इत्यादि की जानकारी दी गई। फाइल मूवमेंट एवं सेव करने की प्रक्रिया बताई गई।

## मां अपने भक्तों को दर्शन देने विद्याधाम से निकलेगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्याधाम मंदिर पर चल रहे प्रकाशोत्सव के अन्तर्गत ललिताम्बा महायज्ञ में विशेष आहुतियाँ समर्पित की गई। अब तक 51 हजार आहुतियां समर्पित की हैं। मां ललिता त्रिपुर सुंदरी का सरस्वती के रूप में नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। उनके सामने फूलों से गणेशजी की मनोहारी आकृति बनाई गई। वहीं आज शनिवार को शाम 5 बजे आश्रम परिसर से माँ अपने भक्तों को दर्शन देने शहर भ्रमण पर निकल-गी। एक सुसज्जित रथ में विराजित होकर माँ भगवती कालानी नगर चौ-राहा, सुखदेव नगर, साठ फीट रोड, कान्यकुब्ज नगर, एयरपोर्ट रोड होते हुए पुनः आश्रम पहुंचेगी, जहाँ माँ को 56 भोग समर्पित किए जाएँगे।

## निःशुल्क ज्योतिष परामर्श एवं रत्न वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री दुर्गा ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के तत्वाधान में कल 25 जनवरी को आनंदमोहन माथुर सभागृह में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन आयोजित किया गया है। संयोजक राजगुरु हरिओम जोशी एवं मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि प्रातः 10 बजे से विभिन्न सत्रों में ज्योतिष, अंकशास्त्र, वास्तुशास्त्र, रमलशास्त्र, टैरोरीडिंग, रेकीहीलिंग एवं हस्तरेखा के विद्वानों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा, विशेष रूप से डॉ. अल्पना मिश्रा दिल्ली, त्यागीबाबा तांत्रिक कामख्या, महाराजा गोविंद राहुलदेव सिंह, प्रतिश सक्सेना भोपाल, पंडित विनोद शास्त्री मुंबई, डॉक्टर एच एस रावत दिल्-ली के विशेष उद्बोधन होंगे। पंडित संजय शर्मा एवं पंडित प्रकाश गोंड ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आम जनता को निःशुल्क ज्योतिष परामर्श एवं रत्न वितरण किया जाएगा।

## गांधी नगर थाना में खुलेगा डिजिटल मालखाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज गांधी नगर थाना परिसर में डिजिटल मालखाने का शुभारंभ करने पुलिस आयुक्त संतोषकुमार सिंह पहुंचने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त झोन-1 कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि डिजिटल मालखाने के शुभारंभ के साथ ही पारंपरिक मालखाना व्यवस्था अब पूरी तरह डिजिटल सिस्टम में परिवर्तित हो जाएगी। इसमें कोड आधारित रिकॉर्ड प्रबंधन, पेपरलेस डॉक्युमेंटेशन और तकनीक आधारित ट्रैकिंग सिस्टम शामिल रहेगा। इससे जब्त सामग्री, केस प्रॉपर्टी और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की निगरानी अब पहले से कहीं अधिक सटीक, सुरक्षित और पारदर्शी हो सकेगी। आज कार्यक्रम के दौ-रान स्मार्ट वर्कप्लेस का अवलोकन भी कराया जाएगा। साथ ही डिजिटल मालखाने की लाइव कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां उन्नत जन सेवा सुविधा केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार कल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन होगा। कल 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट है'। कार्यक्रम की टैगलाइन भारतीय लोकतंत्र की धड़कन-भारतीय नागरिक है। कार्यक्रम में मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी जायेगी। कलेक्टर शिवम वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स इंदौर संभाग थ्रोबॉल टीम की घोषणा

**इन्दौर।** खेलो एमपी युथ गेम्स (थोबाल) का आयोजन 29 से 30 जनवरी तक भोपाल में किया जा रहा है । मध्यप्रदेश थोबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इन्दौर जिला थ्रोबॉल एसोसिएशन के द्वारा इंदौर सभांग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजनु दिनांक 19 जनवरी को मेडीकेप्स इटरनेश्नल स्कूल राऊ, इन्दौर में आयोजित कि गई। अपयुक्त जानकारी लक्ष्मण दातीर ने दी. इंदौर सभांग टीम की घोषणा इंदौर जिला थ्रोबॉल के अध्यष घनसयाम करोले ने की। बालक वर्गः युवराज पाटिदार (कप्तान), पार्थ भसीन, अरनव ठाकुर नमन पटेल, आधार बर्फा, युवराज वर्मा, चिरनजिवी धनगर रुद्राक्ष जैन, वरुण गुप्ता, शोर्य प्रताप सिंह बघेल, नयन चौधरी, भौमिक कात्रे, अभिजीत सिंह गांधी, हितार्थ बम्बोडीया । कोचः विजय राठौर, मेनेजरः अनिश यादव। बा-लिका वर्गः सांची मेहता (कप्तान), सृष्टि यादव, यशस्वी चोररीडया, शिवानी वर्मा, गगनप्रीत सलुजा, कतिका राठोर, अनुषका त्रिपाठी, अदिती चौधरी, अनन्या पाटिदार, अर्पिता धनगर, तनिसका मालविय, तपस्या चौहान, सिया गुप्ता. तनिस चौधरी। कोचः आरती पाटिदार। मेनेजरः दिपक वर्मा चयनित टिम को इंदौर जिला थोबाल एसोसिएशन के विश्वामित्र तिवारी, राजेश सोनी, भरत जोशी, प्रणव भोंडवे, संतोष कोशिक, अमन तिवारी इन सभी ने बधाई दी।

## आज से तीन दिनों तक आर्ट फेस्टिवल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश आर्ट फेस्टिवल का आयोजन आज से 26 जनवरी तीन दिनों तक गांधी हॉल में किया जाएगा। कलाकार इन तीन दिनों तक एक जगह पर नजर आएंगे। आर्ट एग्ज़ीबिशन और आर्ट सेल, बिगेस्ट आर्ट मार्केट एवं हैंडीक्राफ्ट बाज़ार, लाइव फोक म्यूज़िक, शानदार फैशन शो, पोएट्री सेशन, धमाकेदार लाइव बैंड परफॉर्मेंस और फूड स्टॉल्स दर्शकों के लिए रहेंगे। शिव तांडव स्तोत्रम् की विशेष प्रस्तुति होगी। अवार्डस् विजेताओं का सम्मान भी होगा।

## आराध्य व आरव की उम्दा पारियां

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउंडेशन एवं इंदौर स्पोर्टस के मध्य खेले गये मैच में संजय लुणावत फाउंडेशन ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट पर 226 रन बनाये। आरव वशिष्ठ ने 43 रन एवं आराध्य परिहार ने 38 रन बनाये ।अंश वर्मा ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोटस की टीम 39 ओवरो में 140 रनों पर सिमट गई और यह मैच 86 रनों के अंतर से हार गई । आभाश ति-वारी ने सर्वाण्धिक 40 रन बनाये। आराध्य परिहार ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिये ।

**देव्ज एकेडमी की रोमा-चक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट पर 149 रन बनाये। काव्यांश मालवीय ने 39 रन एवं प्रणय चौहान ने नाबाद 33 रन बनाये ।अंश चौहान ने 3 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून की टीम 41 ओवरो में 124 रनों पर सिमट गई और यह मैच 25 रनों के अंतर से हार गई । विनिकेश पटेल ने 36 रन बनाये । प्रणय सिंह चौहान ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 3 किवेट लिये ।

### स्टार क्लब की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो मे 9 विकेट खोकर 247 रन बनाये। आरोन वर्मा ने 78 रन एवं विभोद पंवार ने 76 रन बनाये । जाबीर खान ने 3 विकेट लिये । जवाब मे राउ क्लब की टीम 41 ओवरो में 181 रनों पर सिमट गई और यह मैच 60 रनों से हार गई । पारस अग्रवाल ने सर्वाधिक 40 रन बनाये । औरल, अथर्व, आरोन एवं प्रज्जवल ने 2-2 विकेट लिये।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) सम्भाग धार

eepwddhar@nic.in Phone No. 07292-222508

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 27/टेलि/2025-26 धार, दिनांक 13.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.govin पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत (रु.लाख में | अमानत राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB _475406 | धार | उपसम्भाग मनावर एवं कुक्षी अन्तर्गत विभिन्न मार्गो का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | प्रथम | 19.99 | 39980 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _475407 | धार | उपसम्भाग धार, सरदारपुर एवं बदनावर अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | प्रथम | 19.95 | 39900 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _475408 | धार | सम्भाग धार अंतर्गत वी.वी.आई. पी. एवं अन्य कार्यक्रम हेतु बेरि-केटिंग एवं अन्य सिविल कार्य। | प्रथम | 19.98 | 39960 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _475409 | धार | सम्भाग धार अंतर्गत विभिन्न कार्यों का सर्वे एवं इनवेस्टीगेशन कार्य। | प्रथम | 13.81 | 27620 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | कुल | | 73.73 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 27.01.2026 सायं 18.00 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जवेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/प) सम्भाग धार

जी-24840/25

## मप्र कुश्ती टीम की चयन स्पर्धा 26 को

**इंदौर ।** जिला कुश्तीसंघ के अध्यक्ष विक्रम अवार्डी ने बताया कि राज्यस्तरीय फेडरेशन कप कुश्ती का चयन 26 जनवरी को छोटे नेहरू स्टेडियम में होगा साथ ही जनजाति आदिवासी मध्यप्रदेश कुश्ती टीम का भी चयन होगा। इसका वजन सुबह 9 बजे से 12 तक होगा। सभी पहलवान समय पर उपस्थित हो कर अपने सभी ओरिजनल डाक्यूमेंट अनिवार्य रूप से साथ लावे,इसमे प्रथम आने वाले पहलवान 12 से 14 फरवरी को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में होने वाली राज्य सीनियर फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगे,साथ ही मध्यप्रदेश की खेलो इंडिया ट्राइब्स(जनजाति/आदिवासी) गेम्स कुश्ती यहां ट्रायल विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति (स्त्र) कैटेगिरी आदिवासी समाज के लिये किया जा रहा है,इसमे प्रथम आनेवाले फरवरी में छत्तीसगढ़ में होने वाली खोलों इंडिया जनजाति कुश्ती में भाग लगें।

# इंदौर ताइक्वांडो स्पर्धा संपन्न

**इन्दौर।** ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर एंड स्पोर्ट्स क्लब एवं विजी विंग के तत्वाधान में इंदौर ताइक्वांडो स्पर्धा का आयोजन सेंट्रल मॉल में किया गया। इस स्पर्धा में पुरस्कार वितरण विश्वामित्र अवार्ड वीरेंद्र पवार, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच मिथिलेश कैमरे और अंशुल जैन द्वारा किया गया।

इस स्पर्धा में बालक वर्ग में एमआर गौर फाइटर एंड फिटनेस क्लब ने प्रथम, केरल समाजम स्कूल ने द्वितीय और तायक्वोंडो मार्शल आर्ट अकादमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर ने प्रथम स्थान, अटल तायक्वोंडो क्लब ने द्वितीय और जेबी इंटरनेशनल अकादमी



ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए। प्रतियोगिता का संचालन कनक मकवाना ने किया और आभार प्रदर्शन अमित परिहार ने माना।

# पॉवर लिफ्टिंग में विशाल वर्मा प्रथम

**इंदौर।** खेल महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बिजली कार्मिकों ने जमकर प्रदर्शन किया व मेडल बटोरे। 93 किग्रा वर्ग में राजमोहल्ला बिजली जोन प्रभारी व सहायक यंत्री श्री विशाल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरे स्थान पर विशाल वर्मा कार्यालय सहायक रहे। पावर लिफ्टिंग में अन्य विजेताओं में सुरेंद्र पटेल, पृथ्वीराज चौधरी, नीरज चौहान, अंगरु गुप्ता, अलतु समाधिया, स्पेशल वर्ग में नीरज साहू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर इनाम जी-



ता। इन विजेताओं को कंपनी के एमडी श्री अनूप कुमार सिंह व सीजीएम श्री प्रकाश सिंह चौहान ने पुरस्कार वितरित किए। टेटे, क्रिकेट, वालीवाल, शतरंज आदि के भी जोरदार मुकाबले रहे।

## इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले प्रारंभ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप में आज से क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले प्रारंभ हुए। मुख्य दौर के मुकाबले 26 जनवरी से खेले जाएंगे।

भारतीय टेनिस महासंघ व मध्यप्रदेश टेनिस के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि इस प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में भारत सहित पांच देशों के जूनियर बालक व बालिका भाग ले रहे है। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले 24 व 25 जनवरी को खेले जाएंगें। मुकाबले सुबह 9.30 बजे से इंदौर टेनिस क्लब में प्रारंभ होंगे। क्वालीफाइंग राउंड में भी कई विदेशी खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे है। वहीं भारत और म.प्र. के भी कई खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। मध्यप्रदेश के मयंक राजन, युग जैन बालक वर्ग में तथा बालिका वर्ग में वैदेही षिंदे को मेनड्रा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

**श्रीराम किशोर को शीर्ष वरीयता-** टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर ने बताया कि शनिवार से प्रारंभ हो रहे क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों के लिए भारत के श्रीराम किशोर को बालक वर्ग में प्रथम वरीयता दी गई है। दूसरी वरीयता भारत के ही रक्षन बजाज, तीसरी वरीयता एस. क्रांती, चैथी वरीयता ईशानदेव शिवकुमार तथा पांचवीं वरीयता म.प्र. के कनिष्क खथुरिया को दी गई है।

## इंदौर संभाग बैडमिंटन टीम घोषित



**इंदौर ।** खेलों एम पी यूथ गेम्स के तहत इंदौर संभाग बैडमिंटन टीम का चयन इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन तहत इंदौर के एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ । इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर ने बताया कि इंदौर संभाग की टीम ग्वालियर में उत्कृष्ट बैडमिंटन अकादमी में 28 से 31 जनवरी तक होने वाली राज्य जूनियर खेलों एम पी यूथ गेम्स में हिस्सा लेगी । चयन स्पर्धा समापन इंदौर जिला खेल अधिकारी रीना चौहान, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर और सहसचिव धर्मेश यशलहा की मौजूदगी में हुआ । स्पर्धा मुख्य निर्णायक सुधांशु व्यास और स्पर्धा निदेशक मनीष त्रिवेदी ने इंदौर संभाग चयन मुकाबलों को संचालित किया । इंदौर, धार बड़वानी, अलिराजपुर, खंडवा, खरगोन , झाबुआ जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । चयन मुकाबलों के आधार पर चुनी गई इंदौर संभाग टीम है-

बालक- कन्हैया शर्मा (इंदौर), तनमय शर्मा (धार)अथर्व सिंह यादव (धार),वीर खरे (इंदौर)और जयेश दिवाकर (बड़वानी),

बालिका-अविका वर्मा(धार), कनिका जाट(इंदौर), तनवी दुबे(इंदौर), तमन्ना सिंधा (इंदौर),

युगलः-बालिका-कनिका जाट और अवनी यादव(इंदौर),

बालक-कन्हैया शर्मा (इंदौर)और तनमय शर्मा (धार), अथर्व सिंह यादव (धार) और वीर खरे (इंदौर)

# मैच के दौरान ईशान पर इसलिए गुस्सा हो गए थे सूर्यकुमार, मैच के बाद किया खुलासा





**रायपुर।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार जीत दिलाई। सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के बीच तीसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 122 रन की साझेदारी हुई। मैच जीतने के बाद सूर्यकुमार यादव ने बताया कि वह भारतीय पारी के दौरान ईशान किशन से गुस्सा हो गए थे। उन्होंने कहा कि ईशान किशन उन्हें स्ट्राइक नहीं रहे थे, जिसके कारण उन्हें पावरप्ले में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि वह बाद में मौका मिलने पर इसे भुना लेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद कहा, (क्या यही तरीका है जिससे भारत आगे खेलने वाला है?) मुझे नहीं पता ईशान ने दोपहर में लंच में क्या खाया या मैच से पहले क्या प्री-वर्कआउट लिया, लेकिन मैंने कभी किसी को नंबर 6 पर 2 रन पर बल्लेबाजी करते हुए ऐसा नहीं देखा कि फिर भी पावरप्ले में 67 या 70 के आसपास पहुंच जाए। मुझे लगा यह कमाल का था। 200 या 210 का पीछा करते हुए, हम बल्लेबाजों से यही चाहते हैं - मैदान पर जाकर खुद को व्यक्त करें, अपने स्पेस में खुश रहें। और आज ईशान ने ठीक यही किया।

उन्होंने आगे कहा, मैं गुस्सा हो गया था कि उसने पावरप्ले में मुझे स्ट्राइक नहीं दी, लेकिन कोई बात नहीं। मुझे कुछ समय मिला, मैंने 8-10 गेंद खेलीं, और मुझे पता था कि बाद में समय मिलने पर मैं इसे कवर कर लूंगा।

भारत ने दूसरे टी20 मैच में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर रन के साथ सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था।

टी20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए इशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी।

# विक्रम स्पोर्ट्स क्लब व पांडे एकेडमी को खिताब

**इन्दौर।** मालवा कला अकादमी द्वारा पालदा में जिला स्तरीय इनामी कबड्डी स्पर्धा के खिताबी मुकाबलों में दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा और रात 1 बजे तक दर्शन खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के साक्षी बने। दर्शकों की तादाद इतनी ज्यादा थी कि अस्थायी स्टेडियम छोटा पड़ गया। पुरुष वर्ग में विक्रम स्पोर्ट्स व महिला वर्ग में तथा महिला वर्ग में गुरु रामचंद्र पांडे एकेडमी ने विजेता होने का गौरव अर्जित किया।

तीन इमली चौराहे पर बनाए गए अस्थायी स्टेडियम में खेले गए पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में विक्रम स्पोर्ट्स ने लकी वाण्डरर्स को कड़े संघर्ष के बाद 30-25 से पराजित किया। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल में विक्रम स्पोर्ट्स ने बनेड़िया क्लब को 36-19 से तथा लक्की वाण्डरर्स ने लक्की स्पोर्ट्स केयर को 22-13 से हराया। महिला वर्ग के अंतिम मुकाबले में



गुरु रामचंद्र पांडे एकेडमी ने लकी स्पोर्ट्स केयर को 29-22 से पराजित कर खिताब जीता। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण समाजसेवी सुरेश सितलानी व मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर नवीन सिलावट, गणेश मनावरे, सुनील खांडे, विशाल वर्मा, तुषार वर्मा व नारायण गोसाई मौजूद थे। स्वागत दुर्गेश चौधरी, प्रवीण वर्मा, संदीप वर्मा, सुभाष भौमिक, नरेंद्र मालवी, संदीप वर्मा, लतिफ पटेल, पुरुषोत्तम गोयल व राजू चौहान ने किया। संचालन मुकेश करवरिया ने किया तथा आभार दीपक वर्मा ने माना।

स्पर्धा में विजेता व उपविजेता टीमों को नगद इनामी राशि के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। स्पर्धा के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस स्पर्धा में इंदौर व अन्य शहरों की 42 टीमों ने अपनी चुनौती पेश की थी। अगले वर्ष से इस स्पर्धा को और भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। देशी खेलों को बढ़ावा देना का प्रयास मालवा कला अकादमी की ओर से सार्थक रहा।

# अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, चालक की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ए.बी. रोड पर मांगलिया क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से घायल है। क्षिप्रा पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना शुक्रवार को मांगालिया क्षेत्र स्थित सांघी ब्रदर्स यार्ड के पास हुई। ई-रिक्शा चालक मांगीलाल पिता सिद्धू सिंह(51), निवासी कैलोद कांकड़, रिक्शा लेकर जा रहा था, तभी वाहन बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि रिक्शा के नीचे चालक और यात्री दोनों दब गए।रिक्शा में सवार घायल यात्री रामस्वरूप ने पुलिस को बताया कि चालक मांगीलाल वाहन को काफी तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। मना करने के बावजूद वह रफ्तार कम नहीं कर रहा था, जिसके कारण रिक्शा पलट गया। रामस्वरूप को हाथ और पसलियों में गंभीर चोटें आई हैं।हादसे के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुँचाया गया। चालक मांगीलाल के सिर में गंभीर चोट आई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान मांगीलाल ने दम तोड़ दिया। क्षिप्रा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक ने ली युवक की जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सुपर कारिडोर पर तेज रफ्तार ट्रक चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद कल ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक हादसा गत 31 दिसंबर की शाम सुपर कॉरिडोर ब्रिज टीसीएस चौराहे के पास हुआ। मृतक का नाम भरत कुशवाह पिता कृष्णा कुशवाह है। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक की शाम वाहन चालक भरत कुशवाह सुपर कॉरिडोर से गुजर रहा था तभी ट्रक नंबर एमपी-07 जीए-9735 का चालक ट्रक को तेजी और लापरवाही से चलाकर लाया और उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद कल केस दर्ज किया है। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का पूर्वाभ्यास






इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी सोमवार को सुबह 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। समारोह की व्यापक तैयारियां जारी हैं। समारोह का पूर्वाभ्यास आज सुबह से किया जा रहा है। पूर्वाभ्यास के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एक के बाद एक क्रमबद्ध रिहर्सल की गई।

# गंगवाल बस स्टैंड से ढाई किलो गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत छत्रीपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हॉटस्पॉट चेकिंग के दौरान गंगवाल बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब ढाई किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है।

छत्रीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव द्वारा गठित टीम शुक्रवार को गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में संदिग्धों की धरपकड़ कर रही थी। इसी दौरान टीम की नजर एक युवक पर पड़ी जो हाथ में बैग लिए संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। पुलिस को अपनी ओर आता देख उसने भागने की कोशिश की,



लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। जब पुलिस ने पकड़े गए युवक के बैग की तलाशी ली, तो उसमें 2 किलो 384 ग्राम अवैध गांजा पाया गया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल पिता उपेश सौदागर, निवासी लाबरिया भैरू बताया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, राहुल एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।अब पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि राहुल गांजे की यह बड़ी खेप कहाँ से लेकर आया था और शहर के किन इलाकों में इसे सप्लाई करने वाला था। इस सफल कार्रवाई में सउनि हितेश बाचकर, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक, आरक्षक अरुण सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र खराड़ी और पीयूष पटवा की मुख्य भूमिका रही।

# दो सैन्य अफसरों से लाखों की धोखाधड़ी

## प्लॉट के नाम पर कॉलोनाइजर ने ऐंठे 45 लाख रुपये, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महू क्षेत्र में दो सैन्य अधिकारियों के साथ जमीन के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक कॉलोनाइजर ने लेफ्टिनेंट कर्नल और कर्नल रैंक के अधिकारियों को प्रोजेक्ट में निवेश का झांसा देकर उनसे करीब 45 लाख रुपये हड़प लिए और उन्हें प्लॉट नहीं दिया। पुलिस ने आरोपी कॉलोनाइजर के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं।

पहली एफआईआर लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशु सिंह इंजीनियर रेजीमेंट, लेह की शिकायत पर दर्ज हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोहम्मद अनीस पिता उस्मान कुरैशी निवासी किशनगंज नेबड़गोंदा थाना क्षेत्र के बेरछा रोड स्थित 'राया इस्टेट डेवलपर्स प्रोजेक्ट' में प्लॉट नंबर-2 बेचने का सौदा 30 नवंबर 2021 को किया था। सैन्य अधिकारी ने आरोपी को 21 लाख 28 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया, लेकिन लंबी प्रतीक्षा के बाद भी उन्हें प्लॉट का कब्जा नहीं मिला।

धोखाधड़ी का दूसरा शिकार कर्नल वरुण कमांडिंग ऑफिसर, नागपुर हुए हैं। आरोपी मोहम्मद अनीस ने उनसे 26 नवंबर 2021 को इसी प्रोजेक्ट में फार्म हाउस भूमि क्रमांक-1 का सौदा किया और प्लॉट के नाम पर उनसे 24 लाख 15 हजार रुपये ले लिए। पैसा लेने के बावजूद आरोपी ने न तो रजिस्ट्री कराई और न ही जमीन सौंपी। दोनों वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने जब मामले की शिकायत पुलिस से की, तो दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद बड़गोंदा पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अनीस के खिलाफ धोखाधड़ी के दो पृथक मामले दर्ज किए हैं।

# अवैध शराब के साथ दो पहिया वाहन जब्त



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में टू-व्हीलर पर अवैध मदिरा लेकर जा रहे युवक को आबकारी विभाग की टीम ने रोका तो वह वह पहले वाहन लेकर भागने की कोशिश करता रहा, फिर बड़ी ग्वालटोली श्मशानघाट के पास अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। टीम ने वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में 50 पाव मसाला मदिरा एवं बैग में 50 पाव प्लेन अवैध मदिरा बरामद की गई। दुपहिया वाहन होंडा एक्टिवा स्कूटर को जब्त किया और प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस जब्त शराब की कीमत 79 हजार रु. टीम ने विवेचना कर जांची। कार्रवाई में प्रियंका रानी चौरसिया, तरुण सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



# किराया विवाद में चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भागने की कोशिश में दीवार से कूदा, हाथ टूटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में मकान किराए की बात को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसमें वह चोटिल हो गया और फिलहाल अस्पताल में भर्ती है।

घटना 17 जनवरी की है, जब आरोपी शिवा उर्फ शिवराज ठाकुर का किराए की बात को लेकर गौरव मीणा निवासी पवनपुरी पालदा से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि शिवा ने चाकू निकालकर गौरव के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी ऋषभ राय और घायल गौरव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।

एसीपी तुषार सिंह और थाना प्रभारी के.पी. सिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी धार कोठी क्षेत्र में छिपा हुआ है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।पकड़े जाने के डर से आरोपी शिवा ने पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। इस दौरान वह एक खंडहरनुमा दीवार से कूद गया, जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर एम.वाय.अस्पताल में भर्ती कराया है।पकड़े गए आरोपी का नाम शिवा उर्फ शिवराज (23), निवासी नेहरू नगर (मूल निवासी- भोपाल) है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।